हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 14 मई 2024

04 आज पहुंचेगा माचना एनीकट में पानी, मलकापुर...



07 खाद्य विभाग की लापरवाही के चलते बाजार में ...





## समेरिटन्स स्कूल की छात्रा अंतरा शुक्ला ने प्रदेश की मैरिट में तीसरा स्थान प्राप्त कर किया नर्मदांचल को गौरावित

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 12वीं और 10वीं में एक बार फिर नर्मदापुरम की बेटियों ने मारी बाजी

सीबीएसई भोपाल जोन द्वारा सोमवार को कक्षा12वीं एवं 10वी बोर्ड की परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नर्मदापुरम जिले की बेटियों ने परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त कर नर्मदांचल को गौरावित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

भोपाल जोन सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं एवं 10वीं में एक बार फिर छात्रों की अपेक्षा छात्राओं ने बाजी मारी। कक्षा 12वीं में समेरिटंस की स्कूल की छात्रा अंतरा शुक्ला ने ह्यूमेनिटी में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नर्मदापुरम संभाग में प्रथम रैंक हासिल कर नर्मदांचल को गौरावित किया है। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा एवं प्राचार्य प्रेरणा रावत ने छात्रा अंतरा को शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### शांति निकेतन की बेटियों ने मारी बाजी

शहर के शांति निकेतन मांटेसरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के डायरेक्टर एमके जार्ज एवं प्राचार्य ग्रेसी जार्ज ने बताया कि कक्षा 12वीं में कुल 115 विद्यार्थियों में से 78 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जिसमें ह्यूमेनिटी की छात्रा आलिया अबरार ने 95.4 अंक प्राप्त कर प्रथम रैंक हासिल की। वहीं अविरल गुप्ता 94.6, महिमा खंडेलवाल 92.4, लीना सोना 91.6, प्रगति साहू 91.6, समर्थ मालवीय 90.8, प्राची सोलंकी 90 ने स्कूल में सफलता अर्जित कर विद्यालय को गौरांवित किया।



### स्प्रिंगडेल्स स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा



शाला परिवार के लिए बड़े गर्व का विषय है कि आज सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम वर्ष 2023-24 में शाला का कक्षा बारहवीं एवं दसवीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा जिसमें विद्यालय के कक्षा बारह के विद्यार्थियों में आस्था चौहान 92.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पर रहीं जिन्होनें (कम्प्युटर साइंस 98%, कैमिस्ट्री 95%, फ़िज़िक्सि 90%) अंक प्राप्त किए। एवं प्रखर पाठक ने 91.8% अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया (जिन्होनें गणित 95%, कैमिस्ट्री 93% एवं फ़िज़िकिल एड्रुकेशन में 93% अंक प्राप्त किए वहीं तृतीय स्थान सुमित कुमार झा 88% (इंग्लिश 96%) नें प्राप्त किए। अनुष्का पांडे 81.8%, मान्या अग्रवाल 80.2%, एवं जीव विज्ञान संकाय में तपस्या पलोहिया 75.6% अंक लेकर प्रथम रहीं (म्यूजिक 92%)। पयोशनी नायक 75.2%, प्रिया हरियाले 74.2% । कॉमर्स संकाय में अनुश्री गौर 79.8% के साथ प्रथम (म्यूजिक 92%) रहीं एवं तनु अग्रवाल ने 79.4% के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा दस के छात्र-छात्राओं में क्रमशः वेद प्रताप सिंह 94.4% (सोशल साइन्स – 98%, मैथ्स 95%, साइन्स 94%, हिन्दी – 90%) एवं प्रियांश गौर 94.4% (मैथ्स 99%, सोशल साइन्स 95%, साइन्स 93, हिन्दी 93%) प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान पर रहे। एवं अथर्व उपाध्याय 94% श्रेया दुबे 93.2% शुभ्रा गौर 93%, आरुष गुप्ता 92.8%, यथार्थ सिंह चौहान 92.4% अनिरुद्ध खले 92.4% साक्षी साहू 91.4%, कनीज जहेरा 90.4% अंक अर्जित कर शाला का गौरव बढ़ाया है। शाला में कक्षा दसवीं में 90% से ऊपर 9 विद्यार्थी, 80% से ऊपर 32 विद्यार्थी, 60% से ऊपर 70 विद्यार्थी रहे। शाला के डायरेक्टर डॉ आशीष चटर्जी, सुभाशीष चटर्जी, प्राचार्य मोना चटर्जी, उपप्राचार्य लक्ष्मी पलोहिया एवं जनरल मैनेजर सोनल सोखी सहित समस्त शाला परिवार तथा माता पिता द्वारा सभी विद्यार्थियों को उनके आने वाले भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं तथा बधाइयां दी।

## सीबीएसई 12वीं में समेरिटंस स्कूल की छात्रा अंतरा शुक्ला प्रदेश में तृतीय, संभाग में प्रथम



ANTRA SHUKLA 18/08/2022 · MUSKAN TEHLANI 18/08/2022 · KHUSHI PETHARI 18/08/2022 · PRAVESH SAHU 18/08/2022 · LAXMI MATHANKER 18.08.2022



हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम

### ये रहे कक्षा12वीं के टॉपर

| | | |
|---|---|---|
| ह्यूमेनिटी | अंतरा शुक्ला | 98 |
| कामर्स | मुस्कान टहलानी | 97 |
| मैथ्स | प्रवेश साहू | 93 .2 |
| बायोलॉजी | खुशी पेठारी | 92 |
| बायोलॉजी | लक्ष्मी माथनकर | 92 |

कक्षा 12वीं

| | |
|---|---|
| कुल विद्यार्थी | 167 |
| मैथ्स | 57 |
| बॉयोलॉजी | 23 |
| कामर्स | 67 |
| ह्यूमेनिटी | 20 |

परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत

सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में समेरिटंस स्कूल की छात्रा अंतरा शुक्ला ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश की मेरिट लिस्ट में तीसरा और संभाग में प्रथम स्थान बनाया। समेरिटंस के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सफलता का परचम फहरा दिया। विद्यालय ने हर साल की भांति इस साल भी अपनी श्रेष्ठता को बरकरार रखा है। कक्षा 12वीं की छात्रा अंतरा शुक्ला ने परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंतरा ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और माता पिता को दिया। स्कूल का इस वर्ष का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा। स्कूल में इस वर्ष कक्षा 12वीं में कुल 167 बच्चे सम्मिलित हुए। इनमें से 4 बच्चों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जबकि 15 बच्चों ने 90 से 95 प्रतिशत के बीच अंक अर्जित किए। 40 बच्चों ने 80 से 90 प्रतिशत अंक हासिल किए। ज्ञात रहे कि हाल ही में मप्र बोर्ड परीक्षा में समेरिटंस जुमेराती स्कूल की छात्राओं ने दोनों कक्षाओं में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

### परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

इस वर्ष भी सीबीएसई ने अचानक परीक्षा परिणाम घोषित करके सबको चौंका दिया। परिणाम आने की सूचना मिलते ही स्कूल में विद्यार्थियों और अभिभावकों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। वे शीघ्र ही अपना परिणाम जानना चाहते थे। परिणाम की जानकारी लगते ही बच्चे खुशी से उछल पड़े। स्कूल में हर्ष की लहर दौड़ गई। परिणाम आने के बाद स्कूल में उत्सवी वातावरण बन गया। विद्यार्थी और शिक्षक एक-दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं देते रहे। परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय के डॉयरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा और प्राचार्य प्रेरणा रावत ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाई और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### लक्ष्य के साथ शैक्षणिक कार्य होता है



समेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संचालक डॉ आशुतोष कुमार शर्मा ने बताया कि हमारे विद्यालय में सत्र के प्रारंभ से ही योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्य के साथ शिक्षण कार्य कराया जाता है। परीक्षा परिणामों की उत्कृष्टता का श्रेय शिक्षकों का योग्य मार्गदर्शन और विद्यार्थियों दोनों के परिश्रम जाता है।

### 100 में से 100 अंक किए प्राप्त


अंतरा शुक्ला, शुभी लड्ढा, खुशी पेठारी, मुस्कान टहलानी, आकांक्षा सिंह और सपना सिंह ने म्यूजिक विषय में 100 में से 100 अंक अर्जित किए।

### शिक्षा को आगे बढ़ाना मेरा ध्येय



समेरिटन्स स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा अंतरा शुक्ला ने परीक्षा में संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर नर्मदांचल को गौरांवित किया है। नर्मदापुरम की बेटी अंतरा ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता शिक्षक एवं स्वयं की मेहनत को देते हुए कहा कि ज्ञान बढ़ाने से ज्ञान की वृद्धि होती है इसलिए मेरा मुख्य उद्देश्य शिक्षिकीय काल को अपनाकर विद्यार्थियों को ज्ञानवान बनाने का है। वर्तमान में अंतरा बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही है। अंतरा पिता गोविंद शुक्ला जो कि विभिन्न संस्था में अकाउंट का कार्य करते हैं उन्होंने बताया कि बेटी ने सफलता प्राप्त करने के लिए अथक मेहनत की है। मेहनत को देखते हुए लगता था कि बेटी परीक्षा में बेहतर परिणाम लाएगी। इसके लिए हम सभी को खुशी है। अंतरा की माता कीर्ति शुक्ला ने बताया कि अंतरा की सफलता के पीछे गुरूजनों का आशीर्वाद और सभी का स्नेह है।

### नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में रहा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम



नर्मदापुरम जिले की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल नर्मदापुरम अपने आप में विद्यार्थियों के चहुंमुखी एवं सर्वांगीण विकास की परिचायक है, जहां विद्यार्थियों के शैक्षणिक,नैतिक, शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु शाला प्रबंधन की प्रभावी नीतियां शिक्षा के सभी आयामों को पूरा करने में हमेशा ही सफल सिद्ध हुई है, परिणामस्वरूप विगत वर्षों की भांति वर्ष 2024 में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहा। कक्षा बारहवीं से तपन गुप्ता 97%,पर्व जैन 96%, नीरेक चटर्जी 95.2%, पूर्वी जैन 94.8%, सेजल दावड़ा 94.4%, दामिनी श्रीवास्तव 94%, पलक मालवीय 91.8%, आस्था साहू 90.8%, यशिका पटेल 90%, विधि मदान 87.4%, स्नेहा राजपूत 86.6%, पुष्कर लालवानी 83.4%, जयंत शर्मा 82.8%, दिव्यांश अग्रवाल 80.8%, प्रियंका राजपूत 80.6%, कार्तिक साहू 80.4%, अनादि तिवारी 80% एवं कक्षा दसवीं से सारांश भट्ट 92.4%, सानिध्य साहू 92.4%, सृष्टि गोस्वामी 91.6%, हिमानी चौहान 90.8%, पायल पटेल 90%, आदर्श पांडे 87%, कुमकुम गौर 85.4% एवं प्रियांशु संतोरे ने 84.8% अंक हासिल कर शाला को गौरवान्वित किया। छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर शाला के डायरेक्टर मनीष अग्रवाल, प्राचार्य इमरान खान, कोऑर्डिनेटर श्वेता शुक्ला एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों एवं उनके माता-पिता को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पं.रामलाल शर्मा स्कूल की छात्रा अक्षरा ने 10वीं और 12वीं में रूद्र राजपूत ने परीक्षा में प्रथम रैंक प्राप्त की



शहर के बुधवाड़ा क्षेत्र स्थित पं.रामलाल शर्मा सीबीएसई स्कूल का कक्षा 12वीं एवं 10वीं परीक्षा का परिणाम बेहतर रहा। विद्यालय के प्राचार्य सुनील शर्मा ने बताया कि 12वीं कक्षा में परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा। वहीं विद्यालय की कक्षा 10वीं की छात्रा अक्षरा सक्सेना ने परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रूद्र राजपूत ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान एवं आयुषी गुप्ता ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 12वीं में छात्र जय चौरे ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्रा श्रुति चौरे ने भी 82 प्रतिशत, सूर्या साहू ने 79 प्रतिशत एवं दिव्यांश रघुवंशी ने अपनी अपनी संकाय में सफलता अर्जित की। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक अरूण शर्मा, प्राचार्य सुनील शर्मा सहित विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जल भविष्य की कामना की। वहीं विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों के अलावा माता-पिता के आशीर्वाद और स्वयं की मेहनत को दिया।

### समेरिटंस का कक्षा 10वीं का परिणाम शत प्रतिशत



समेरिटंस स्कूल कक्षा 10 वी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा राशि शर्मा और रिद्धिमा रायकवार 96 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पर रही। इस वर्ष कक्षा दसवीं की परीक्षा में 140 बालक और 109 बालिकाओं सहित कुल 249 बच्चे शामिल हुए थे। इनमें से 178 प्रथम, 67 द्वितीय और 4 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इनमें से भी 3 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत, 14 विद्यार्थियों ने 90 से 95 प्रतिशत और 50 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए। परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय के डॉयरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा और प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ शर्मा ने इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय बच्चों के कठिन परिश्रम और शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है।

### ये रहे कक्षा10 वीं के टॉपर

| | |
|---|---|
| कुल विद्यार्थी | 249 |
| बालक | 140 |
| बालिका | 109 |
| परीक्षा परिणाम | शत प्रतिशत |

टॉपर

| | |
|---|---|
| राशि शर्मा | 96 |
| रिद्धिमा रायकवार | 96 |
| आकृति जैन | 95 |
| मयंक साहू | 93 .2 |
| वेदांश मालवीय | 93 .2 प्रतिशत |

### केन्द्रीय विद्यालय का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड ने सोमवार को कक्षा 10 वीं और 12 वीं का परिणाम घोषित कर दिया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश साहू ने बताया कि रिज़ल्ट में केंद्रीय विद्यालय एसपीएम नर्मदापुरम में 10 वीं, 12 वीं का रिज़ल्ट 100 फीसदी रहा। 10 वीं 74 विद्यार्थी पास हुए। 12 वीं में 48 सभी बच्चें पास हुए। एसपीएम में 10 वीं में छवि मिश्रा ने 95.8 प्रतिशत के स्थान पहला स्थान पाया। 12 वीं में साइंस विषय में शिव कुमार शर्मा ने 91.4 प्रतिशत और कॉमर्स विषय में रितिका केशरवानी ने पहला स्थान पाया। उन्हें 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इटारसी में गरिमा पटेल ने दसवीं कक्षा सीबीएससी की परीक्षा पास की। 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

## तालनगरी में संत सीताराम दास महाराज ने कराया श्रद्धालुओं को रामकथा का रसपान

# 'धर्म की रक्षा के लिए भगवान राम ने लिया जन्म'

हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम



ग्राम तालनगरी में चल रही श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस पर वृंदावन धाम से पधारे हुए संत श्री सीताराम दास जी महाराज ने श्री राम जन्म का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि श्री राम जी का अवतार धर्म की रक्षा के लिए हुआ था रावण अधर्म का प्रतिमूर्ति है श्री राम जी धर्म का स्वरूप है जब-जब होई धर्म की हानि । बाढ़ही असुर अधम अभिमानी। तब तब प्रभु धरी विविध सरीरा। हरही कृपानिधि सज्जन पीरा। जब-जब इस धरा पर अधर्म एवं पाप बढ़ता है तब तब भगवान जी अनेक रूपों में अवतार लेकर आते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं महाराज जी ने बताया कि काम क्रोध मद लोभ अहंकार रूपी रावण कलयुग के सभी प्राणियों के हृदय में बैठकर के अत्याचार कर रहा है इस रावण को मारने के लिए ज्ञान रूपी राम का अवतार सभी प्राणियों के हृदय में होना आवश्यक है पं. भागचंद तिवारी ने बताया कि यह आयोजन आश्रम के महंत बालयोगी संत कन्हैयादास महाराज के सानिध्य में समस्त क्षेत्र वासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है अयोध्या से आए आचार्य पंडित नंदगोपालाचार्य महाराज ने यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर प्रातः कालीन बेला में यजुर्वेद पारायण एवं आवाहित देवताओं का पूजन तथा हवन कार्य संपन्न कराया यज्ञ की महिमा को बताते हुए यज्ञाचार्य जी ने कहा यज्ञों वै श्रेष्ठतम कर्म अपने जीवन में हम जितने कार्य करते हैं यदि उन कार्यों की समीक्षा किया जाए तो यज्ञ कार्य समस्त कार्यों में श्रेष्ठ कार्य होता है यज्ञ कार्य में आश्रम के महंत बाल योगी संत कन्हैयादास महाराज ने देवताओं को आहुतियां दे करके विश्व में सुख शांति समृद्धि समरसता की प्रार्थना की प्रतिदिन यज्ञ कुंड में देवताओं को आहुतियां सुबह 10 बजे से 12 तक एवं शाम को 5 बजे से 7 तक हवन कार्य किया जा रहा है शाम 7 बजे मां नर्मदा जी की प्रतिदिन अयोध्या के आचार्यो द्वारा मां नर्मदा जी की महा आरती की जा रही है। इस अवसर पर सुरेश शर्मा, परसराम पटेल, सुरेश वर्मा, कुलदीप पाठक, उदय पटेल, कृष्ण कुमार परसाई, गोपाल प्रसाद उपाध्याय, हरिओम परसाई, दौलतराम कीर, विनय यादव, नरेश धुर्वे, राजेंद्र रघुवंशी, बलवान सिंह राजपूत, मुकेश पटेल एवं क्षेत्र के समस्त धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित रहे।

# ग्राम पांडरी में तेंदुए ने किया ग्रामीणों व वनकर्मियों पर हमला, सात घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम



नर्मदापुरम के इटारसी के पास ऑर्डनेंस फैक्ट्री एमआरएस क्षेत्र में तेंदुआ ने जमकर उत्पात मचाया। शिकार के चक्कर में तेंदुआ ग्राम पांडरी में पहुंच गया। ग्रामीणों की नजर जब तेंदुए पर पड़ी तो उन्होंने उसे भगाने का प्रयास किया। गुस्साए तेंदुए ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इस हमले में संतोष और शिव प्रसाद घायल हुए हुए हैं। जिससे क्षेत्रवासी भयभीत हो गए।

सूचना मिलते ही रेस्क्यू करने पहुंची वन विभाग की टीम पर भी तेंदुआ ने हमला कर दिया। हमले में 6-7 लोग घायल होने की सूचना है। जिनमें ग्रामीण व कर्मचारी शामिल है। घायल कर्मचारियों को इटारसी सिविल अस्पताल लाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद तेंदुए को जाल डालकर पकड़ा गया। जिसे बाघदेव चौकी पर लाया गया। कुछ देर बाद तेंदुआ जाल से निकलकर जंगल में भाग गया। जिससे वन विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई। हालांकि एसडीओ मरावी का कहना है कि तेंदुआ को भागा नहीं है, हमने जंगल में छोड़ा है। जंगल में छोड़ने के फोटो वीडियो के संबंध में पूछा तो बोले, देखता हूं किसी ने बनाए होंगे। सूत्रों के मुताबिक तेंदुए को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के चूरना में छोड़ने की तैयारी चल रही थी, लापरवाही के चलते तेंदुआ जंगल में चला गया। तेंदुआ की उम्र करीब 2 साल है।

## खबर संक्षेप

### भागवत कथा में बनाई श्रीकृष्ण की सुंदर झांकी

**शाहपुर।** शाहपुर नगर से 5 किलोमीटर दूर ग्राम कोटमी में भनारे परिवार के द्वारा आयोजित की गई। भागवत कथा 9 मई 2024 से प्रारंभ हुई। कथा के चौथे दिवस के अवसर पर पंडित राजेश व्यास के मुखारविंद से आज कथा के चतुर्थ दिवस के अवसर पर कृष्ण जन्म, भगवान नरसिंह के अवतार एव भगवान राम की सुंदर कथाओं का श्रवण भक्तों को करवाया गया। भागवत कथा के अंतर्गत सुंदर भजनों का श्रवण कर भक्ति भक्ति में झूम उठे एवं नाचने लगे। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। सुंदर श्री कृष्ण भगवान के जन्मोत्सव की झांकी देखकर भक्ति आनंद में हो गए एवं भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में डूब गए। आसपास के गांव से भारी संख्या में लोग कथा श्रवण करने ग्राम कोट्मी में उपस्थित हो रहे हैं। कथा के अंत में पूजा आरती कर प्रसाद का लाभ भक्तों के द्वारा उठाया गया।

### दलित युवक को दबंगों ने पीटा, मामला दर्ज

**सीहोर।** दलित प्रताड़ना और उनसे भेदभाव की घटनाएं जिले में थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जिले के बिलकिसगंज थाने के तहत हाल ही में मामला प्रकाश में आया है। यहां पर गांव के जातिवादी मानसिकता के लोगों ने एक दलित युवक के साथ मारपीट कर उसकी जाति को लेकर अपमानित किया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बता दें कि ग्राम बिलकिसगंज में रहने वाले 23 वर्षीय रूपेश जांगड़े ने बताया कि 7 मई की शाम को गांव के ही कपिल शर्मा, रवि शर्मा और नंदी महाराज ने उसे कोलार रोड पर रोका और जातिसूचक गालियां देने लगे। जब मैंने इसका विरोध किया तो उन्होंने मुझे बेरहमी से पीटा।

### 15 मई तक होगी अंकों की प्रविष्टि

**सीहोर।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 2023-24 में कक्षा 9वीं-11वीं के लिए अंक प्रविष्टि की तारीख बढ़ा दी है। अब यह 15 मई तक की जा सकेगी। इससे पहले अंकों की प्रविष्टि की अंतिम तारीख 15 अप्रैल थी। जो छात्र इन कक्षाओं को पास कर चुके हैं उन्हें अपने नंबर पोर्टल के माध्यम से मंडल को भेजना होते हैं। इसके लिए अंकों की एंट्री ऑनलाइन करनी होती है। अब इसके लिए समय अवधि बढ़ा दी है।

### 39 डिग्री दर्ज हुआ अधिकतम तापमान

**सीहोर।** सीहोर जिले में बीते 24 घंटे के दौरान इस माह में पहली बार ऐसा हुआ है जब रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई है और दिन का तापमान घटा है। बता दें, बीते 7 दिनों से अधिकतम तापमान 42 डिग्री के ऊपर चल रहा था, लेकिन रविवार का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। जबकि रात का तापमान 23 डिग्री सेल्सियस चल रहा था जो आज 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार अप्रैल माह की तरह मई माह में भी अब वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव नजर आने लगा है। मौसम विभाग का पूर्व अनुमान है कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण शाम के समय तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। अभी उत्तर पश्चिम से हवाएं चल रही है, आसमान पर हल्के बादल छाना शुरू हो गए हैं। जिसके कारण तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एस एस तोमर ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है और वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव इस समय एक्टिव है। जिसके कारण शाम के समय मौसम का मिजाज बदल सकता है और बारिश होने की संभावना है।

### बीयू ने टाइम टेबल बदला, रविवार को नहीं होगी परीक्षा

**सीहोर।** बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) ने अंडर ग्रेजुएशन (यूजी) कोर्सेस बीए, बीबीए, बीकॉम, बीएससी थर्ड ईयर के एग्जाम टाइम टेबल में बदलाव किया है। परीक्षा 16 मई से शुरु होगी। लेकिन 26 मई को आयोजित होने वाला प्रश्न-पत्र अब 27 मई को होगा, क्योंकि यूनिवर्सिटी ने रविवार को भी परीक्षा कराने की तारीख टाइम टेबल में शामिल कर ली थी। इस पर कॉलेजों ने आपत्ति जताई थी।

### नपा कर रही थी एफआईआर तो, रपटा काटकर निकाला पानी

# आज पहुंचेगा माचना एनीकट में पानी, मलकापुर के पास रेलवे कांट्रेक्टर ने रोका लाखापुर का पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

गर्मी में उछाल आते ही विवेकानंद वार्ड स्थित माचना एनीकट का वॉटर लेबल कम होते जा रहा है। भले ही ताप्ती बैराज से शहर में पानी सप्लाई हो रही है, लेकिन सपोर्ट में माचना बैराज में पानी होना जरूरी है, इसलिए चार दिन पहले लाखापुर से दूसरी बार नगरपालिका को पानी लेना पड़ा। हालांकि यह पानी धीमी रफ्तार से आ रहा था। इसी दौरान मलकापुर के पास पुल बनाने वाले रेलवे कांट्रेक्टर ने रास्ता बंद कर दिया, इससे पानी रूक गया। नगरपालिका के अधिकारियों को जानकारी मिली तो उन्होंने एफआईआर की हिदायत दी, तब आनन-फानन में कांट्रेक्टर ने देर रात अस्थाई रपटा काटकर पानी निकाल दिया। संभावना है कि आज पानी तेजी से एनीकट पहुंच जाएगा। शहर की जल व्यवस्था अमृत योजना के अंतर्गत ताप्ती पर बनाए गए बैराज से होते आ रही है। ताप्ती नदी पर जनप्रतिनिधियों के प्रयास से पारसडोह के अलावा घोघरी डेम बनाने से जरूरत पड़ने पर नगरपालिका को पानी मिल जाता है। इसके बावजूद नगरपालिका शहर के लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए हर बार गंगूडोह और लाखापुर डेम से भी पानी लेती आई है। पिछले माह ही नगरपालिका ने पहली मर्तबा लाखापुर से पानी लेकर माचना एनीकेट को जल स्तर को बढ़ाने का प्रयास किया था, लेकिन बीते दिनों हुई बारिश के बाद अब तापमान में तेजी से उछाल आया है, इसलिए



एनीकट में पानी का स्तर लगातार कम हो रहा है। नगरपालिका ने पानी के सपोर्ट के लिए गुरूवार 10 मइ से लाखापुर का पानी एनीकट के लिए छुड़वाया है।

जानकारी मिली है कि गुरूवार को नगरपालिका ने लाखापुर से पानी एनीकेट के लिए छुड़वाया था। पानी को करीब 5 किमी का रास्ता तय करना है। यही वजह है कि पानी की रफ्तार धीमी आ रही थी, तब नगरपालिका के जल शाखा के अधिकारी और कर्मचारियों ने स्वयं बढ़ते हुए पानी की रूकावट का रास्ता क्लीयर किया, इसके लिए केलापुर स्टॉप डेम सह पुलिया से प्लेट्स हटा कर भी पानी का फ्लो और बढ़ाया गया। लेकिन बीती रात मलकापुर में पुलिया बना रहे रेलवे कांट्रेक्टर ने पानी के बहाव को रोक दियां दरअसल यहां बहाव के लिए कोई रास्ता ही नहीं था। बताया जाता है कि कांट्रेक्टर अपना नुकसान होने की जिद पर अड़ा था। नगरपालिका अमले ने ठेकेदार को पुलिया के बीच पाईप डालने की हिदायत भी दी, ताकि पानी की रात आसान हो सके। इसके बावजूद ठेकेदार पुलिया पर पाईप न डालने पर अड़ा रहा। बताया जा रहा है कि नगरपालिका ने ठेकेदार को एफआईआर की हिदायत थी। तब बीती रात ठेकेदार ने अस्थाई रपटा काटकर पानी निकाल दिया है।

#### उमरी के रास्ते पहुंचेगा पानी तो मिलेगी बड़ी राहत

*नपा के सूत्र बताते है कि रेलवे कांट्रेक्टर द्वारा रास्ता रोकने के बाद पुलिया खोल दी गई है, इससे पानी की रफ्तार काफी तेज बह रही है। उमरी के रास्ते रविवार देर रात या सोमवार सुबह तक एनीकट में पानी आ सकता है। पानी की निगरानी के लिए जल शाखा के कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। फिलहाल ताप्ती बैराज में लगभग 1 एमसीएम से पानी मौजूद है। यह पानी शहर के लोगों को सतत आपूर्ति जून तक दे सकता है। इसके बाद बारिश होने से सारी समस्या खत्म हो जाएगी, लेकिन लाखापुर से पानी छोड़कर नगरपालिका शहर की सप्लाई के लिए सपोर्ट ले रही है, ताकि पानी की टंकिया तेज गति से भर जाए और लोगों को राहत मिल सकें।*

#### पहुंच जाएगा पानी

*गुरूवार 10 मइ से लाखापुर का पानी छोड़ा गया है। बीती रात रेलवे कांट्रेक्टर ने रास्ता रोक दिया था। एफआईआर की हिदायत के बाद रात में रपटे से पानी निकाल दिया है। पानी तेज गति से उमरी होते हुए एनीकट में बढ़ रहा है, सोमवार सुबह तक पानी पहुंच जाएगा।*

**नागेन्द्र वागद्रे,** उपयंत्री एवं जलशाखा प्रभारी, नपा, बैतूल

### 19 मई को होगा कुनबी समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन

**बैतूल।** अखिल भारतीय क्षत्रिय लोणारी समाज संगठन ने समाज के चहुंमुखी विकास एवं सामाजिक प्रथाओं और परंपराओं में समयानुसार बदलाव की आवश्यकता पर चिंतन एवं गहन विचार.विमर्श के लिए आगामी 19 मई को राष्ट्रीय अधिवेशन आहूत किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु राने ने बताया कि कुनबी समाज में प्रचलित कुछ प्रथाओं और परंपराओं की वर्तमान समय में समयानुसार सुधार की जरूरत है। इस पर देश भर से समाज के गणमान्य अतिथि अधिवेशन में अपने विचार रखेंगे। विचार मंथन कर कुछ समाज के हित में निष्कर्षों तक पहुंचने के लिए सामूहिक पहल भी की जाएगी। अधिवेशन में समाज के सर्वांगीण विकास के लिए वर्तमान में आवश्यक परिवर्तन के लिए समसामयिक प्रयत्नों की जरूरत पर भी अधिवेशन केन्द्रित होगा।अधिवेशन में राष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से देश भर से आमंत्रित सामाजिक विचारकों एवं पदाधिकारियों के द्वारा वर्तमान समय में समाज की स्थिति एवं रीति.नीति पर विचार विमर्श किया जाएगा। युवा पीढ़ी एवं महिलाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना तथा होने वाले सामाजिक परिवर्तनों एवं विकास में सहभागी बनाना भी इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य होगा। विष्णु राने ने अधिवेशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संगठन का यह प्रतिष्ठा आयोजन 19 मई 2024ए रविवार समय . सुबह 10 बजे से होटल रीगल ग्रांडए रीगल सिविक सेन्टरए अवधपुरी भेल भोपाल में आयोजित होगा।


## महादेव बुलाएंगे तो सावलमेंढा में कथा करने अवश्य आऊंगाः पं. प्रदीप मिश्रा

### ग्रामीणों ने बैंड बाजे व पुष्पवर्षा के साथ किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

महाराष्ट्र परतवाड़ा में चल रही शिवमहापुराण कथा के समापन उपरांत वापस लौटते समय पंडित प्रदीप मिश्रा सावलमेंढा के शिव शक्ति संकटमोचन हनुमान मंदिर में कुछ देर रुके, जहां उन्होंने मंदिर का भ्रमण किया। मंदिर में स्थित शिवलिंग का पूजन अर्चन किया। ग्रामीणों को स्वागत के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। ग्रामीणों ने बैंड बाजे एवं पुष्पवर्षा के साथ उनका स्वागत किया।

इस मौके पर उन्होंने समाजसेवी प्रभुकुमार शिवहरे पप्पू सेठ के निवेदन पर कहा कि महादेव अगर बुलाएंगे तो वे यहां कथा करने अवश्य आएंगे। इस मौके पर ग्राम के



वरिष्ठ नागरिक एवं हजारो की संख्या में ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश शिवहरे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिलीप शिवहरे, व्यापारी लक्ष्मीनारायण शिवहरे उर्फ लच्छू सेठ, आशीष शिवहरे, गुलाब अड़लक, कैलाश मिरासे, सावन जैसवाल, वरिष्ठ पत्रकार नंदू शिवहरे, प्रेम कुमार पांडे, रामदास धुर्वे, पंडित विश्वनाथ अग्निहोत्री, दिवाकर सोनी, गोलमन राठौर, मंगल राठौर, गोकुल पन्दराम, कमलेश पोहेकर, अरविन्द राठौर, अशोक राठौर एवं हजारों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। मंदिर में नित्य पूजन करने आने वाली महिला आरती संगमनेकर ने कहा यह शिवलिंग पहले से ही बढ़ी प्रभावी है। पंडित प्रदीप मिश्रा पर भोले बाबा का आशीर्वाद है उनके द्वारा पूजन किये जाने से इस मंदिर का और महत्व बढ़ गया।

## फ्लावर थीम पर बच्चों ने दीवार पर बनाई पेंटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

फूल खुशबु ही नहीं मन को भी प्रफुल्लित करते हैं। फूल को पास से देखने पर व्यक्ति के दर्द थोड़े कम हो जाते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर सेवा भारती बैतूल में आरडी पब्लिक स्कूल के नन्हे चितेरों ने युवा चित्रकार व कला गुरु श्रेणिक जैन के मार्गदर्शन में 4 घंटों में 56 पुष्प बनाकर दीवार को अलंकृत किया। जिसमें शिक्षिका उमा सोनी, चेताली अम्बुलकर, आस्था कापसे, वंशीका मोटवानी, स्वरापाल, दिया हिरानी, पायल सोलंकी व वेदांत अग्रवाल ने मिलकर यह चित्रकारी की। दीवार के सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से फ्लावर थीम पर पेंटिंग बनाई जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

## साइंस ग्रुप से नितांशी ने किया टॉप

### आरडी स्कूल सीबीएसई बोर्ड का 12वीं का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम





**बैतूल।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा दिनांक 13 मई 2024 को कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्रा कु.नितांशी नागले बॉयो संकाय से 96.8 प्रतिशत अंक हासिल किए है इसी तरह छात्र हेमंत माचीवार मैथ्स ग्रुप से 94.6 अंक अर्जित किए। छात्रा कु.आशी साहू ने सांइस संकाय से 94 अंक हासिल किए है। कॉमर्स संकाय से छात्रा सृष्टि गोहिते ने 93.8 प्रतिशत अंक हासिल किए एवं छात्रा आध्या तोमर ह्यूमैनिटीज संकाय से 93.6 प्रतिशत अंक हासिल किए है। कक्षा 12वीं की सीबीएसई परीक्षा में 314 विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यालय की डायरेक्टर ऋतु खण्डेलवाल ने सभी उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## माताओं के पैर पखारकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

हिन्दू शास्त्रों में मां की महिमा वर्णित है और मां को ईश्वर तुल्य माना गया है। प्रगति सोशल वेलफेयर समिति के तत्वावधान में मातृ दिवस के अवसर पर सभी धर्म व जाति की बुजुर्ग माताओं के पैर पखारकर, उनका शाल श्रीफल व मालाओं से सम्मान किया गया।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष प्रेरणा शर्मा एवं उपाध्यक्ष संगीता कमाविसदार द्वारा सभी माताओं की आरती उतारी और जगत कल्याण की प्रार्थना की। समिति सचिव व पार्षद नंदिनी तिवारी ने कहा कि जननी जन्मभूमि की सेवा स्वर्ग से वैभव से भी बढकर के है किसी लेखक ने सच्ची कहा कि यह तो सच है कि भगवान है धरती पर रूप मां-बाप का उसकी विधाता की पहचान है। समिति की कोषाध्यक्ष प्राची दुबे एवं भरत सूर्यवंशी ने कहा कि दुनिया में मां का



विकल्प कुछ भी नहीं है मां आखिर मां होती है उसके बाद कुछ नहीं है।

कार्यक्रम में उमा तिवारी, उषा त्रिवेदी, शाहिद बानो शांति सनस, पुष्पा सूर्यवंशी, शारदा बामने, फुलवंती ठाकुर कमलाबाई, संगीता त्रिवेदी, पुनिया बाई आर्य, शांति देवी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर करण प्रजापति प्रचार भारत सूर्यवंशी पंडित श्रीराम तिवारी पार्षद नंदिनी तिवारी प्रेरणा शर्मा संगीता, ममता डहाके, सीमा ओजोने, दिया ओजोने, पूजा अतुलकर, उषा अतुलकर, माया पाल, रजनी गुप्ता ललिता गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## वाटर स्पोर्ट्स में सेलिंग विधा हेतु प्रतिभा चयन 15 मई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में वाटर स्पोर्ट्स अथॉरिटी के तत्वावधान में 15 मई को वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की सेलिंग विधा हेतु जिले की प्रतिभाओं का चयन स्थानीय मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में सुबह 7 बजे से किया जाएगा। मण्प्रण्राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी भोपाल के निर्देशानुसार 2024.25 के लिए आयोजित प्रतिभा चयन कार्यक्रम में ऐसे खिलाड़ी भाग ले सकेगे। जिनका जन्म 01.01.2012 से 31.12.2016 को हुआ है।

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि वाटर स्पोर्ट्स की सेलिंग विधा के प्रतिभा चयन कार्यक्रम में खिलाडिय़ों को अपने साथ आधार कार्डए जन्म प्रमाण पत्रए मूलध्स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। प्रतिभा चयन में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों को आने.जाने का किरायाए आवासए व्यवस्था स्वयं करनी होगी। वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी की सेलिंग विधा हेतु आयोजित प्रतिभ चयन कार्यक्रम में वर्ष.2012 की जन्म तिथि वाले बाले बालक की ऊंचाई 154 सेमी एवं बालिका की ऊंचाई 164 सेमीए वर्ष.2013 की जन्म तिथि वाले बालक की ऊंचाई 149 सेमी तथा बालिका की 158ए वर्ष.2014 की जन्म तिथि वाले बालक की ऊंचाई 144 सेमी तथा बालिका की 151 सेमीए वर्ष.2015 जन्म तिथि वाले बालक की ऊंचाई 139 सेमी तथा बालिका की ऊंचाई 146 सेमीए वर्ष.2016 की जन्म तिथि वाले बालक की ऊंचाई 134 सेमी तथा बलिका की ऊंचाई 130 सेमी होना अनिवार्य है।

### टीएल बैठक में कलेक्टर ने दी अधिकारियों को हिदायत

# प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए कार्य योजना करें तैयारः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग की अनिवार्य आपात सेवाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना बनाए। होमगार्ड के साथ समन्वय कर रेस्क्यू ऑपरेशन के क्रियान्वयन के लिए पूर्व तैयारियों पर फोकस करें। डूब के क्षेत्र यदि अतिक्रमण हो तो खाली करायें। सिंचाई विभाग डैम पर तैनात अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को सजग करें। कृषि विभाग ध्यान रखें कि अतिवृष्टि के कारण किसानों और खेती को कम से कम नुकसान हो। स्थानीय प्रशासन रेस्क्यू के बाद आम जनता के अस्थाई कैम्प की व्यवस्था एवं खाद्य विभाग इन कैम्पों में संभावित रसद के लिए तैयारियों को अपनी कार्य योजना में शामिल करें।

#### गोताखोरों को टीम में करें शामिल

होमगार्ड एवं नगर पालिका जल भराव वाले क्षेत्रों को पिछले अतिवृष्टि को स्मरण करते हुए वहां रबर बोट, नाव एवं रस्सी, लाईफ जैकेट आदि की तैयारियों की समीक्षा कर ले। गोताखोर की समय पूर्व तैनाती सुनिश्चित कर ले। स्वास्थ्य विभाग हेल्थ केयर कंट्रोल रूम की स्थापना करें। अस्थाई मेडिकल शिविर के लिए स्थान चिन्हित करें। आपातकाल सेवा के लिए स्टॉफ की ड्यूटी लगायें। आवश्यक दवाएं एवं बरसात में होने वाली बीमारियों के लिए नगर पालिका दवाओं का छिडकाव सुनिश्चित करें। नगर पालिका अपनी कार्य योजना में बरसात में स्वच्छ पेयजल आमजनता को पहुंचाना सुनिश्चित करें। पर्याप्त मात्रा में कर्मचारियों की तैनाती करें। नदी नालों की समय पूर्व सफाई करवाएं।



#### अति संवेदनशील क्षेत्र को करें चिन्हित

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि वे सभी एसडीएम से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र के अति संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर लें। जहां आपदा के समय ज्यादा व्यवस्था की संभावना हो सकती है। सेना के अधिकारियों से भी एक समन्वय बैठक करे ले। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि बैतूल पहाड़ी श्रृंखला से के बीच स्थित है। जिले में बड़े-बड़े घाट से ही आना-जाना पड़ता है। राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण कई वाहन प्रतिदिन निकलते है। पत्थरों की स्लाइडिंग वाहन दुर्घटना आदि के कारण बरसात में बड़े बड़े जाम लग जाते है, इन्हें भी ध्यान में रखें। इसके साथ ही एमपीईबी की भी बहुत महत्वपूर्ण एवं महती भूमिका होगी। वे भी अपनी कार्य योजना को मूर्त रूप दे।

#### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रकरणों में गंभीरता एवं अति संवेदनशीलता के साथ काम करें। आप जब अपने-अपने विभागों को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में की गई शिकायतों के निराकरण को ए कैटेगरी में रखेंगे, तभी जिला ए कैटेगरी में आएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को साफ शब्दों में हिदायत दी कि मुझे ए कैटेगरी से नीचे की स्थिति मंजूर नहीं। अब आपको सोचना है कि शिकायतों का निराकरण आप कितनी जल्दी करते है। मुझे कार्रवाई करने का मौका नहीं दें। उसके पूर्व आप शिकायतों को निराकृत कर दें।

### बाजार में बिकने वाले पानी के पाउच पर नहीं आंकित बेच नम्बर और एक्सपायरी डेट

# खाद्य विभाग की लापरवाही के चलते बाजार में खूब बिक रहा दूषित पानी

जल ही जीवन है सभी के जीवन के लिए शुद्ध पानी आवश्यक है। लेकिन बाजार में प्रशासन की अनदेखी के चलते दूषित पानी की बिक्री बेदस्तूर जारी है। विदित हो कि एक्सपायरी डेट के बाद भी दुकानों पर बेंचा जा रहा पानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶सोहागपुर



बॉटल और पाउच में पानी पीने का एक प्रचलन सा चल पड़ा है । गर्मी के दिनों में आमतौर पर मटके के पानी पीने की प्रथा का मार्डन युग ने अस्त सा कर दिया है । प्रायः पहले घर से निकलते समय पानी की बोतल लोग ले जाना नही भूलते लेकिन मिनरल वॉटर के प्रचलन ने लोगो के जीवन से खिलवाड़ करना आरंभ कर दिया है । पहले कुछ कंपनियां पानी को बॉटल और पाउच में सप्लाई करती थी और काफी एहतियात बरती जाती थी लेकिन अब तो पानी के व्यवसाय में हर किसी के कदम रखे जाने से काफी अनियमितता पाई जा रही है और जवाबदार विभाग की सुस्तता का आलम ये है कि उन्हें सुध ही नही कि लोगो के जीवन के साथ कैसा खेल खेला जा रहा है । सोहागपुर ब्लॉक के अंतर्गत सोहागपुर शहर जेड शोभापुर और सेमरी हरचंद में पानी की बॉटल और पाउच बिना तारीख डली बेचा जा रहा है और इसकी शिकायत करने के उपरांत वाटर प्लांट मालिक के बेतुके जवाब भी हैरत में डालने वाले है ।

इसी का फायदा उठाकर कुछ लोगों द्वारा दूषित पानी के पाउच बनाकर और बोतलों में बंद कर बाजार में बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले शहरी क्षेत्र सोहागपुर एवं ग्रामीण क्षेत्र शोभापुर और सेमरी हरचंद सहित स्टेट हाईवे 22 पर स्थित कई स्थानों पर इस तरह के दूषित पानी के पाउच और बोतलों को बेचा जा रहा है। समय-समय पर अधिकारियों के द्वारा इन पानी की बोतलों का और पाउच का निरीक्षण किया जाना चाहिए और कमी पाई जाने पर उचित कार्रवाई एवं अर्थदंड दिया जाना चाहिए जो कि नहीं किया जाता है। जिसके कारण लगातार व्यापारियों के द्वारा इस प्रकार का माल बेचा जा रहा है और जनता उस पानी को पीकर बीमार हो रही है। पूरा मूल्य देने के बाद भी जनता उस दूषित पानी को पीने को मजबूर है। अधिकारियों से शिकायत करने पर अधिकारियों के द्वारा जांच करने का आश्वासन दिया जाता है जांच भी की जाती है परंतु उचित कार्यवाही नहीं की जाती और यह खेल ऐसा ही चलता रहता है जो दिनों दिन फल फूल रहा है पानी की बोतल बाजार में 15 से 20 रुपए में बिकती है जिसमें पानी को प्यूरिफाई और ठंडा करने की बात कही जाती है परंतु यह पानी कई बार प्यूरिफाई भी नहीं किया जाता, साफ भी नहीं किया जाता और सीधा बोतल में पैक करके उसे मार्केट में सप्लाई कर दिया जाता है।

मात्र एक से दो रुपए के खर्चे पर व्यापारियों के द्वारा 15 से 20 रुपए खरीददार से ले लिया जाता है जिसमें इन पानी पाउच कंपनी या बोतल बनाने वाली कंपनी और बेचने वाले व्यापारी को मोटा मुनाफा होता है। एक और वही पानी पीकर व्यक्ति बीमार हो जाता है इन पाउच बनाने वाली कंपनी के मालिक से बात की गई जिसमें उन्होंने बताया कि यह पानी के पाउच पर कोई भी चीज दिखती नहीं है जिस कारण से इसमें डेट या टेग दिखाई नहीं देती है अगर डेट को देखना है तो जहां पर पन्नी का जोड़ रहता है उस जगह पर उसको थोड़ा सा हाथ फेरने पर वह जो डेट है वह दिखाई देगी और उनका कहना है कि यह डेट एक दम आसानी से नहीं दिखाई देती है बाकी डेट उसमें डाली जाती है और अगर हम थोड़ा सा उसे पर हाथ फिरते हैं तो वह हमको आसानी से देखने लगती है। परंतु ऐसा नहीं है जब पानी के पाउच को देखा गया जिसमें डेट धुंधली धुंधली सी दिखाई दे रही है स्पष्ट नहीं दिखाई दे रही है। इस संबंध में जिला फूड एवं सेफ्टी अधिकारी से बात की गई थी उन्होंने जांच का ऑप्शन दिया। परंतु जांच की यह प्रक्रिया इतनी धीमी है कि सैंपल लेने और उसकी रिपोर्ट आने में 6 महीने या उससे अधिक का समय लग जाता है। उसके बाद रिपोर्ट तैयार होती है और केस फाइल किया जाता है। स्वास्थ्य से जुड़े इतने अधिक संवेदनशील विभाग में जिले में एकमात्र अधिकारी होना भी हौसले बुलंद करता है।

**इनका कहना है**

समय-समय पर मार्केट में उपस्थित खाद्य पदार्थों की जांच की जाती है सितंबर 2023 में ग्राम अजनेरी स्थित एक वाटर प्लांट से सैंपल लिए गए थे जिसकी रिपोर्ट आ गई है उसके खिलाफ इस सप्ताह में एडीएम कोर्ट में केस फाइल कर दिया जाएगा। वहीं पिछले महीने नगर के न्यू बीकानेर एवं श्री बीकानेर मिष्ठान केंद्र से सैंपल लिए गए थे एवं दुकान पर साफ सफाई नहीं पाई गई थी इन दुकानों से लिए सैंपल की रिपोर्ट आने पर उनके खिलाफ भी केस फाइल किया जाएगा।

**जितेंद्र राणा,** जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नर्मदापुरम

# युवा पत्रकार का मोबाइल छीनने वाले डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल में आपातकालीन ड्यूटी पर उपस्थित डॉ अभिषेक अग्रवाल ने युवा पत्रकार राहुल अग्रवाल से उस समय अभद्रता की जब वह तेदुएं के हमले में घायल लोगों की खबर कवरेज करने अस्पताल गये थे। जब वह अपने मोबाइल कैमरे से वीडियो बना रहे थे। उस दौरान डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल ने उनका मोबाइल छीन लिया, और उनके साथ बदतमीजी भी की।

अस्पताल में उपस्थित अन्य वरिष्ठ पत्रकार साथी ने डॉक्टर की हरकत का विरोध करते हुये उनके व्यवहार पत्रकार के साथ ठीक नहीं होने की बात कही। इस घटना को लेकर नर्मदापुरम पत्रकार संघ द्वारा कलेक्टर एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही करने को लेकर एक ज्ञापन देगा। आज एक पत्रकार के साथ हुई घटना जो एक गैरकानूनी कृत्य है। जिस तरह कोर्ट में एक अधिवक्ता अपने मुवक्किल का हत्या का केस लड़ता है, पर वह हत्यारा नहीं हो जाता है। उसी प्रकार किसी सावर्जनिक स्थान पर पत्रकार अपना काम करते हैं पर वे भीड़ का हिस्सा नहीं होते।

पत्रकारों को उनके काम से रोकना मीडिया की स्वतंत्रता का हनन करना है। पिछले कुछ समय से देखने को मिल रहा है कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर अपना आपा खोते दिखाई दे रहे हैं। कुछ दिन पूर्व भी अस्पताल अधीक्षक के साथ भी एक डॉक्टर ने मारपीट की थी। डॉक्टरों का व्यवहार मरीजों और आमजन से ठीक नहीं होना पाया जा रहा है। आज जो हरकत डॉक्टर ने पत्रकार के साथ की है उसकी कड़ी शब्दों में नर्मदापुरम राष्ट्रीय पत्रकार संघ के प्रमोद पगारे, विनय मालवीय, कृष्णा राजपूत, मनोज कुंडू, रोहित नागे, राहुल शरण, राजकुमार बाबरिया, इन्द्रपाल सिंह, अरविंद शर्मा, भूपेन्द्र विश्वकर्मा, मंजू ठाकुर नितिन वर्मा सहित अन्य पत्रकार साथियों ने की है।

## नाला मोहल्ला में अज्ञात व्यक्ति ने ईंट से टवेरा गाड़ी का कांच तोड़ा



**इटारसी।** शहर के नाला मोहल्ला निवासी सुरेन्द्र कुमार पिता कुंजीलाल यादव की कार का कांच अज्ञात ने 12 मई की रात ईंट मारकर कई जगह से तोड़ दिया है। उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज करायी है। पुलिस को दिये आवेदन में सुरेन्द्र कुमार यादव पिता कुंजी लाल यादव, निवासी वार्ड नंबर 22, नाला मोहल्ला इटारसी ने बताया कि बीती रात 12 मई को रात लगभग 2 से सुबह 4 के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी टवेरा गाड़ी क्रमांक एमपी 05 बीए 1500 का कांच तोड़ दिया। गाड़ी उनके घर के पास ही हमेशा खड़ी रहती है। जब आज सुबह 13 मई को उठकर गाडी को देखा तो कांच फूटा मिला, साथ ही 6 जगह ईंट के निशान और ईंट भी पड़ी मिली। उन्होंने आशंका जतायी है कि यह घटना जान बूझकर की गई है। पुलिस से निवेदन किया है कि घटना जांच कर उचित कारवाही करें।

# आंचलखेड़ा स्कूल में समर कैंप का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶आंचलखेड़ा

माखननगर विकासखंड अंतर्गत आंचलखेड़ा के पीएमश्री शा. उच्च. माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को समर कैंप का समापन किया गया। विदित हो कि 1 मई 2024 से शुरू हुये इस समय कैंप में विधार्थीओ को विभिन्न प्रकार के गेम जैसे कुर्सी दौड़, खो-खो, कबड्डी,रस्साकसी, बैडमिंटन आदि गेम खिलाए गए एवं म्यूजिक में भरतनाट्यम, कथ्थक नृत्य सिखाया गया एवं हारमोनियम, तबला, ढोलक आदि विद्यार्थियों को सिखाए गए। इस समर कैंप के समापन दिवस पर सरपंच आशा बाई घुरेले, ओम प्रकाश यादव, फूलचंद यादव, बलवंत सिंह राजपूत,प्रभारी प्राचार्य जयश्री राय उर्मिला मेहरा, प्रीति राय, सुनीता गुप्ता , साजिया बानो सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# समर कैंप में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶पचमढ़ी



सीएम राइज विद्यालय पचमढ़ी में एक मई से शुरू होने वाले समर कैंप का शानदार समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें खेल प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।प्रतियोगिता मैं विजेता रहे विद्यार्थियों में कोमल, शैजल,अक्षय, आयुष,जितेंद्र, विवेक एवम् नैतिक को पुरस्कृत किया गया। समर कैंप में सहभागिता करने वाले समस्त प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश विश्वकर्मा, नितिन श्रीवास द्वारा विद्यार्थियों को प्रसन्न होकर खेलों में, अध्ययन में रुचि लेने एवम् अनुशासित रहकर सहभागिता करने हेतु कहा गया। खेल शिक्षक संतोष यादव द्वारा खेल प्रतियोगिताओं को सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर नगर के स्केच आर्टिस्ट आदित्य जाटव को प्राचार्य मनीष गुप्ता एवम् मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में प्रधानाध्यापक ज्योति यादव,रूपनारायण श्रीवास, शिक्षक सविता पटेल, मनीषा परमाल, शाहजहां बेगम, अंकिता साहू, शाहीन मंसूरी, राकेश यादव, संजय टिकार,up राजेश सूर्यवंशी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन प्रीति साहू द्वारा किया गया। समस्त का आभार प्रदर्शन अकीला बानो द्वारा किया गया।

# बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए लगा कैंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶सेमरीहरचंद

स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 20 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया संस्था के प्राचार्य राम सिंह पटेल ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग आदेश अनुसार विद्यालय में समर कैंप का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन से प्रारंभ किया गया। 20 दिवसों तक चलने वाले समर कैंप में प्रथम दिवस में 50 छात्रों की उपस्थिति में चित्रकला, मेहंदी, रंगोली, खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

जिसमें प्राचार्य राम सिंह किरार द्वारा समर कैंप के महत्व पर जानकारी प्रदान की गई। विकासखंड खेल प्रभारी हेमराज नागा द्वारा छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, शारीरिक , बौद्धिक, तर्क क्षमता, सीखने की कला अभिरुचियों एवं खेलों के महत्व की जानकारियां प्रदान की गई। संस्था के रामनरेश सिंह,आरती यादव ,प्रतिभा साहू,आरती पठारिया ,रजनी मालवीय, नीतू दीवान, कीर्ति दुबे, दीपक दुबे, भास्कर साहू, नाथूराम कुशवाहा एवं संस्था के शिक्षक शिक्षिकाओं ने समर कैंप आयोजन में उपस्थित छात्राओं को मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया।

# काम नहीं हुए तो करेंगे आंदोलनः सभापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



पार्षद वार्ड 23 एवं सभापति स्वास्थ्य एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग नगर पालिका परिषद, इटारसी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद, इटारसी को पत्र लिखकर अटल पार्क इटारसी में फाउन्टेन, लाइट, डस्टबिन, झूले दुरुस्त करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। जाधव ने कहा कि इटारसी अटल पार्क में रख-रखाव के अभाव में फाउन्टेन एवं लाइट काफी समय से बंद हैं, साथ ही डस्टबिन एवं झूले जर्जर स्थिति में हैं। ओपन जिम की कुछ मशीनें खराब हो चुकी हैं जिसकी सूचना हमने आपको दूरभाष एवं वाट्सअप पर दी थी, परन्तु आज तक उक्त समस्या का कोई निराकरण नहीं हो सका। गर्मी में पार्क में आने वाले बच्चों एवं नागरिकों की संख्या भी बढ़ गयी है साथ ही महानगरों से भी लोग हमारे शहर में अपने परिचितों के यहां छुट्टी मनाने आते हैं। ऐसे में पार्क की दुर्दशा देखकर हमारे शहर की छवि धूमिल होती है। जाधव ने कहा कि बार-बार सूचित करने के बाद भी आपके द्वारा उक्त समस्या का निराकरण नहीं किया गया, जिससे प्रतीत होता है कि आप जनप्रतिनिधि की बात को अनदेखी कर रहे हैं। अतः उक्त पत्र के माध्यम से आपको सूचित कर रहे हैं कि एक सप्ताह के अन्दर सभी समस्याओं का निराकरण कराने का कष्ट करें, अन्यथा की स्थिति में हमें आन्दोलन के लिये बाध्य होना पड़ेगा।

## आज होगी गंगा सप्तमी की विशेष पूजा-आराधना

**पिपरिया।** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आज गंगा सप्तमी का विशेष महत्व वैसाख माह शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि को गंगा सप्तमी मनाई जाती है यह इस बार 14 मेई को पड़ी है। पौराणिक कथा और मान्यता के अनुसार इस दिन देवी गंगा का जन्म हुआ था इसलिए इसे गंगा सप्तमी कहा जाता है उसे दिन दोपहर के समय में मां गंगा की विशेष पूजा नर्सिंग की जाती है हिंदू धर्म ग्रंथो के अनुसार गंगा पूजन और स्नान करने से समस्त पापों का नाश होता और मौत की प्राप्ति होती है इसी कारण धर्म ग्रंथो में गंगा नदी को मुक्तिदिन कहा गया है इस दिन गंगा पूजन ग्रहण का अशुभ प्रभाव काम करता है गंगा सप्तमी के दिन भगवान विष्णु भगवान शंकर की पूजा की जाती है भगवान शंकर का गंगाजल से अभिषेक करके शिव और गंगा मैया की कृपा प्राप्त होती है मानता है की गंगा मैया के पावन जल के छींटे मात्र से जन्म-जन्मांतर के पाप दूर हो जाते हैं। गंगा सप्तमी के दिन गंगा नदी में स्नान करना चाहिए घर में रहकर भी गंगाजल मिलाकर स्नान किया जा सकता है स्नान करते समय गंगा का ध्यान करें घर मंदिर में पूजन करें सभी देवताओं का जल से अभिषेक करें और भगवान को भोग लगाना चाहिए वैशाख मार्क शुक्ल पक्ष सप्तमी के दिन मां गंगा का स्वर्ग लोक में भगवान शिव की जटाओं में बास हुआ था इसलिए गंगा सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। जब राजा सागर ने युद्ध में अपने सभी पुत्रों को खो दिया था तब अपने सभी पुत्रों को मोक्ष दिलाने के लिए कठोर तप करते हुए स्वर्ग लोक में मां गंगा को धरती पर अवतरित होने की प्रार्थना की थी गंगा का बीज इतना तेज था कि पृथ्वी पर आने की स्थिति में नहीं थी क्योंकि गंगा के बीच से समूह की पृथ्वी का संतुलन बिगड़ जाता सभी भगवान शिव ने अपनी यात्राओं में गंगा को धारण करके उनके बैग को नियंत्रित करते हुए धरती पर अवतरित किया था। तभी से मान्यता के अनुसार गंगा शक्ति मनाई जाती है भगवान शिव ने अपनी घटाओ में गंगा सपना के दिन गंगा को धारण किया था इसलिए गंगा सप्तमी आज वैशाख मास में इस वर्ष भी पड़ी है।

## हॉकी प्रशिक्षण शिविर 15 से

**इटारसी।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण मप्र के निर्देश पर 15 अप्रैल से 30 जून तक 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में हॉकी का प्रशिक्षण 15 मई से प्रारंभ होगा। नर्मदापुरम विकासखंड में दो जगह हॉकी के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। पहला शिविर इटारसी में गांधी मैदान पर लगेगा जिसमें कोच कन्हैया गुरयानी, मयंक जेम्स और वरिष्ठ खिलाड़ी प्रशांत तोमर और साहिल चौरे गर्ल्स स्कूल में प्रशिक्षण देंगे। दूसरा शिविर हॉकी टर्फ मैदान महिला जेल के पीछे नर्मदापुरम में लगेगा जिसमें कोच जयसिंह भदौरिया, पवन कुमार और जयश्री रैकवार प्रशिक्षण देंगे।

## विप्र समाज ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया, निकली भव्य शोभायात्रा





**माखननगर।** वैसाख शुक्ल अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर माखन नगर ब्राह्मण समाज द्वारा चार दिवसीय आयोजन परसराम भवन पटेल मोहल्ला में किया गया। अक्षय तृतीया को शुक्रवार को पहले दिन परशुराम भवन में भगवान परशुराम की पूजन आरती की गई शनिवार को विनीत मंडल द्वारा सुमधुर भजन की प्रस्तुति दी गई सुंदरकांड का पाठ किया गया। रविवार को सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल द्वारा 3 वर्ष से 10 साल की बालिकाओं की लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं मेहंदी रंगोली एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजन किया गया। सोमवार को महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। परशुराम भवन पटेल मोहल्ला से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस परशुराम भवन पटेल मोहल्ला पहुंची शोभा यात्रा में शामिल विप्र जनों का एवं मातृ शक्ति का नगर के विभिन्न संगठनों ने आइसक्रीम कोल्ड ड्रिंक शीतल जल पिलाकर स्वागत किया जगह-जगह नगर वासियों ने भगवान परशुराम का पूजन किया शोभा यात्रा के समापन पर भगवान परशुराम की पूजन आरती कर भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया शोभायात्रा में सर्व ब्राह्मण समाज वरिष्ठ युवा एवं महिलाएं शामिल हुई।

### आद्य शंकराचार्य जयंती पर किया गया नगर की प्रतिभाओं का सम्मान

# यूपीएससी में चयनित नीलेश व 12वीं की छात्रा प्रियांशी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶सोहागपुर





सोहागपुर की दो शैक्षिक प्रतिभाओं नीलेश और प्रियांशी का सम्मान गत दिवस ईशरपुर के शंकर विवेकानंद आश्रम में समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर नीलेश अहिरवार के प्राथमिक स्कूल के शिक्षक गंगाराम सराठिया एवं बलराम उइके तथा मिडिल स्कूल के शिक्षक दीपक दुबे और आभा दुबे को सम्मानित किया गया।

यूपीएससी में चयनित नीलेश ईशरपुर के ही मूल निवासी हैं यहां उसने प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की तो तवा नगर में माध्यमिक शिक्षा प्राप्त की तथा स्नातक की डिग्री उन्होंने चित्रकूट के महात्मा गांधीग्रामोद्योग विश्वविद्यालय से बीटेक इन एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग कर प्राप्त की। नीलेश के पिता राजमिस्त्री हैं। इस अवसर पर भोपाल के आदित्य दोहार को भी यूपीएससी सेलेक्ट होने के कारण सम्मानित किया गया। सोहागपुर की मेधावी छात्रा प्रियांशी कसेरा भी इस मौके पर सम्मानित किया गया ।

उन्होंने कला संकाय से कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में प्रदेश में छठवां स्थान प्राप्त कर नगर और शाला को गौरवान्वित किया है प्रियांशी के पिता जगदीश कसेरा सोहागपुर के शासकीय सी. एम राइस स्कूल में हायर सेकेंडरी के शिक्षक हैं। इस अवसर पर शंकर विवेकानंद आश्रम में आदि शंकराचार्य तथा स्वामी विवेकानंद की मूर्तियों का भी अनावरण किया गया इस मौके पर स्वामी सत्यात्माननंद पुरी, स्वामी विरेश्वराननंद पूरी, अजेरा के स्वामी आत्मानंद गिरी, बालक दास प्रभृति सन्त महात्माओं, सहित पूर्व विद्यायक सविता दीवान, कृष्णकुमार दोहार (अवकाश प्राप्त उपायुक्त ) सोहागपुर के जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल एवं उपाध्यक्ष राघवेंद्र पटेल, सुहागपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अभिलाष सिंह चंदेल नगर पंचायत के उपयंत्री गोपाल चौबे , समाज सेवी संतोष सराठे, प्रकाश मुद्गल , कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्षरमेश बामने, तथा विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता,, स्थानीय ग्रामीणों एवं आश्रम से जुड़े हुए भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे यह शंकर विवेकानंद आश्रम के संचालक ईशानंद सरस्वती ने सभी आगंतुकों का स्वागत संचालन समाजसेवी प्रांजल तिवारी ने किया।

### सोहागपुर प्रशासन ने मेधावियों के घर घर जाकर किया सम्मान

सोहागपुर नगर का गौरव प्रियांशी कसेरा का सम्मान एसडीएम बृजेंद्र रावत , तहसीलदार अलका एक्का , एसडीओपी संजू चौहान , थाना प्रभारी कंचन ठाकुर, नायब तहसीलदार अंजू राजपूत, सीईओ संजय अग्रवाल इत्यादि ने प्रियांशी के घर जाकर सम्मान किया ।

# सीबीएसई बोर्ड 12वीं में ध्रुव ने बनाई पहली रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम



सोहागपुर के सेंट पेट्रिक सीनियन सेकेण्डी स्कूल की कक्षा12वीं में अध्ययनरत ध्रुव पांडे ने कॉमर्स संकाय में 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहली रैंक हासिल की है। छात्र ध्रुव पांडे ने बताया कि गुरूजनों के आशीर्वाद और माता सुनिती पांडे के मार्गदर्शन में अध्यापन कार्य तक यह सफलता अर्जित की है।

### सिविल जज बनना लक्ष्य

ध्रुव पांडे ने बताया कि आगे की पढ़ाई सिविल जज बनने के लिए जारी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए वह प्रतिदिन 6 से 7 घंटे पढ़ाई करते हैं। साथ ही खेल विद्याओं में अग्रणि हैं। छात्र ध्रुव ने क्रिकेट की कई स्पर्धाओं में भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन किया है। आगे वह पढ़ाई के साथ साथ खेल को भी महत्व देंगे। छात्र की इस सफलता पर विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा परिवारजनों और नागरिकों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### वृंदावन गार्डन में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ आज से

**इटारसी।** ब्रह्मलीन महंत सुंदर गिरी महाराज की पावन स्मृति में महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरी महाराज के सानिध्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन वृंदावन गार्डन न्यास कॉलोनी में मंगलवार 14 से 21 मई तक किया जा रहा है। मंगलवार को प्रथम दिवस कलश यात्रा न्यास कालोनी के दुर्गा मंदिर से निकाली जाएगी। दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन संगीतमय भागवत ज्ञानयज्ञ होगा।

प्रवचनकर्ता स्वामी विश्व स्वरूपानंद गिरी महाराज हरिद्वार द्वारा श्रोताओं को भगवान श्री हरि विष्णु की कथा श्रवण कराई जाएगी। 20 मई को कथा संपन्न होगी, 21 में को प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक हवन होगा एवं 9 बजे से 12 तक संत सम्मेलन आयोजित होगा।

## खबर संक्षेप

### एक आरोपी को जिला बदर के आदेश जारी

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आदित्य सिंह ने एसपी की अनुशंसा पर आरोपी करण राजपूत निवासी गुर्जर बोर्डिंग के पास हरदा को 6 माह की समय अवधि के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। इस अवधि में आरोपी जिले के साथ-साथ पड़ोसी जिलों नर्मदापुरम, देवास, खंडवा, सीहोर और बैतूल जिलों की सीमा में भी प्रवेश नहीं कर सकेगा।

### समिति की ट्रेनिंग 16 को

**हरदा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जून माह में बाल श्रम बचाव अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है। टास्क फोर्स समिति के सदस्यों का ऑनलाइन प्रशिक्षण 16 मई को 3 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस समिति में कलेक्टर आदित्य सिंह के अलावा पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, बाल श्रम अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी, विधिक सहायता अधिकारी, रोजगार अधिकारी, प्राचार्य आईटीआई, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति को शामिल किया गया है।

### सीढ़ी से महिला का पैर फिसला, मौत

**हरदा।** हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम कोलीपुरा में रहने वाली महिला की मौत हो गई। वह पानी का वॉल खोलने के लिए रविवार रात छत पर गई थी। ग्राम कोलीपुरा के रहने वाले पूर्व सरपंच रामलाल जाट की पत्नी लक्ष्मीबाई जाट (55) रविवार रात को खाना बनाने के बाद बर्तन धोने गई हुई थीं। इस दौरान नल में पानी नहीं आने के चलते वह छत पर वॉल खोलने के लिए गईं। नीचे उतरते समय सीढ़ी से पैर फिसला और वह नीचे गिर गईं। सिर में गंभीर चोट लगने पर परिजनों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### ट्रेन में दरवाजे के पास लटक रहा युवक घायल

**हरदा।** रविवार को भागलपुर एक्सप्रेस से खंडवा से हरदा आ रहे एक युवक का हाथ कट गया। युवक ट्रेन के गेट को पकड़कर खड़ा हुआ था, तभी पास से गुजरी दूसरी ट्रेन की नंबर प्लेट तेजी से आकर उसके हाथ से टकराई। ट्रेन की गति अधिक होने से नेम प्लेट से युवक का हाथ कटकर अलग हो गया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती किया। जहां से उसे भोपाल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार खंडवा के पुनासा के सुदामा नगर निवासी कबीरा उर्फ आकाश पिता संजय योगी 19 साल रविवार शाम को भागलपुर एक्सप्रेस से खंडवा से हरदा अपने भाई को लेने आ रहा था। वह गेट पकड़कर खड़ा हुआ था, तभी दूसरे ट्रैक से दूसरी ट्रेन गुजरी। इसी दौरान ट्रेन की नेम प्लेट उछलकर आई और कबीरा के हाथ से टकरा गई। नेम प्लेट की धार से उसका हाथ कटकर अलग हो गया और ट्रैक पर ही गिर गया। जैसे ही यात्रियों ने देखा तो उसके हाथ को गमछे से बांधकर स्टेशन मास्टर को सूचना दी। ट्रेन के हरदा में रुकते ही मेडिकल टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर आए।

### धुरगाडा में पंचकुडी कुंडी यज्ञ हवन संपन्न

**हरदा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ हरदा के मुख्य न्यासी ऋषि कुमार पारे के निर्देशन में ग्राम धुरगाड़ा स्थित श्रीराम मंदिर में पंच कुंडी यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें गायत्री शक्तिपीठ के परिजन किरण गौर एवं कुसुम गौर ने यज्ञ संपन्न कराया। यहां पर गुरुदेव के विचारों एवं गायत्री मंत्र के महत्व के बारे में वरिष्ठ परिजन प्रभु दयाल गौर ने बताया। ग्यारसराम गौर द्वारा गुरुदेव के 18 संकल्पों के बारे में चर्चा करते हुए गायत्री महामंत्र की महत्ता को बताया एवं इन संकल्पों को अपने जीवन में उतारकर अपने जीवन शैली को सुधारते हुए आध्यात्मिक एवं देवत्व की ओर अग्रसर करने का महत्वपूर्ण उपाय बताया। इस अवसर पर सियाराम गौर, चंद्रशेखर टिकरिया, भगवान सिंह चंदेल, पंडरीनाथ बीजगावने, संतोष सिंह राजपूत, मनोहर सिंह तोमर, दिलीप सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।

---

### कलेक्टर ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में पेयजल उपलब्धता की समीक्षा की

# पेयजल समस्या निराकरण के लिए अधिकारी प्रो-एक्टिव होकर कार्य करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अगले एक माह में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में पेयजल उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कहीं से पेयजल संकट की शिकायत आने का इंतजार न करें बल्कि प्रो-एक्टिव होकर खुद समस्या ढूंढें और उसका तत्काल निराकरण करें। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ आयोजित नगरीय एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में दिए। बैठक में हरदा, खिरकिया व टिमरनी के एसडीएम भी वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने कहा कि तीनों एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की सतत समीक्षा करें तथा भ्रमण के दौरान भी देखें कि कहीं पेयजल संकट तो नहीं है, यदि है तो तत्काल उसका निराकरण करायें। उन्होने कहा कि जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपने क्षेत्र की पंचायतों में तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने नगरीय निकायों में पेयजल उपलब्धता की लगातार समीक्षा करें और अपने स्तर से पेयजल उपलब्धता के लिए स्वप्रेरणा से प्रयास करते रहें ताकि नागरिकों को परेशानी न हो।

#### तुरंत रिपेयरिंग कराएं

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि पिछले वर्षों में जिन ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में पेयजल समस्याएं आती रही हैं, उन्हें चिन्हित कर वहां विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा कि जिन अवैध कालोनियों में नल कनेक्शन नहीं है, वहां टेंकर्स के माध्यम से पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करायें। इसके साथ ही अस्पताल, कॉलेज, बस स्टैंड, आंगनवाड़ी, स्कूल जैसे सार्वजनिक स्थलों पर लगे हैंडपम्प व अन्य पेयजल स्त्रोतों को समय-समय पर रिपेयर कराते रहे।

#### नियमित सफाई कराएं

कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और तीनों विकासखंडों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पानी की टंकियों की नियमित रूप से सफाई भी करायें ताकि दूषित पेयजल से होने वाली बीमारियों को रोका जा सके। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में पशुओं के लिए भी पानी की टंकियों की व्यवस्था करें और उनमें नियमित रूप से पानी भरवाएं, इस कार्य में सामाजिक संस्थाओं की भी मदद ली जा सकती है। उन्होने निर्देश दिए कि हैंडपम्प व अन्य पेयजल स्त्रोतों के आसपास गंदगी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए क्योंकि पेयजल स्त्रोतों के पास गंदगी से तरह तरह की बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है।

---

### मुख्य मार्ग पर भी अतिक्रमण पसरा

## बस स्टैंड चौक पर अव्यवस्थित वाहन पार्किंग से होती है परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

बाजार क्षेत्र में अव्यस्थित वाहन पार्किंग और चाट फुल्की फल फ्रुट्स के ठेले से आवागमन अवरुद्ध हो रहा है। वहीं बाजार क्षेत्र का शौचालय जाने में भी महिलाओं एवं ग्रामीण जनों को परेशानी होती है। बाजार क्षेत्र में वाहनों के जहां तहां खड़े रहते हैं। वहीं पिछले साल रहटगांव व्यापारी मंडल के अध्यक्ष द्वारा तहसीलदार को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा गया था। गौरतलब है कि स्थानीय ग्राम पंचायत द्वारा विगत महीनों में बस स्टैंड सहित सब्जी बाजार में मुख्य मार्ग से लगी हुई अव्यवस्थित अस्थाई दुकानों को व्यवस्थित करके मार्ग चौड़ा किया था। साइकिल बाजार जो मुख्य मार्ग है उसका चौड़ीकरण एवं मुख्य मार्ग जितने भी हैं। वह सभी से अतिक्रमण हटाकर मार्ग चौड़े किए जाने की रूपरेखा थी। जिससे थाने की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर भी काफी अतिक्रमण पसरा हुआ है। जिससे थाने में जाने के लिए एंबुलेंस और हंड्रेड डायल और फायर बिग्रेड सहित अन्य वाहनों को परेशानी होती है। आपातकालीन में या अन्य कारणों से थाना आने जाने में परेशानी आती है। जिसके चलते लंबे समय से परेशानी नजर आ रही है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव रामकृष्ण कुशवाहा ने बताया कि जगह-जगह जो अतिक्रमण फैला हुआ है। उसे हटाया जाएगा एवं जल्द बाजार का सीमांकन कराकर भी बाजार को सुंदरीकरण की ओर ले जाया जाएगा।

---

## आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने गणेशजी की वेशभूषा में पहुंचे टोपनदास




**बुरहानपुर।** सुबह 11 बजे गणेशजी की वेशभूषा धारण किए एक व्यक्ति इंदिरा कॉलोनी स्थित आशा निकेतन स्कूल स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 227 पर पहुंचा तो सभी आश्चर्य में पड़ गए। कतार में लगकर मतदान भी किया। गणेशजी को कतार में देखकर लोग खासे आकर्षित हुए। दरअसल टोपनदास वाधवानी ने आमजन को मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए यह सब किया। वह गणेशजी की वेशभूषा में तैयार हुए। इसके बाद इंदिरा कॉलोनी से पैदल मतदान केंद्र क्रमांक 227 पहुंचे। यहां कतार में लगकर मतदान किया।

#### इधर... अबू धाबी यूएई से वोट डालने आया परिवार

लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए आमजन में खासा उत्साह रहा। नेपानगर में अबू धाबी यूएई से एक परिवार वोट करने आया। शहर की एफ टाइप कॉलोनी निवासी नवीन पाराशर अपने परिवार सहित मतदान करने पहुंचे। वह अबू धाबी में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। मतदान के लिए उन्होंने छुट्टी सेंक्शन कराई थी। एक दिन पहले ही मतदान के लिए ष्शहर पहुंचे। उन्होंने आमजन को संदेश दिया कि सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेना चाहिए। इसलिए सिर्फ वोट करने यहां आए।

---

## बुरहानपुर में वीवीपैट से पर्ची देरी से गिरने की शिकायत प्रशासन ने मशीन बदली

**लोगों ने कहा 1 घंटे मतदान प्रभावित रहा तहसीलदार बोले ने 10 मिनट प्रभावित हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

शहर के वार्ड नंबर 24 में चंद्रकला स्थित मतदान केंद्र पर दोपहर में वीवीपैट की पर्ची नहीं गिरने की शिकायत की गई। तब कलेक्टर भव्या मित्तल ने टेक्निशियन के साथ ही मौके पर तहसीलदार रामलाल पगारे को भेजा। मोहम्मद सिद्दीक ने बताया वीवीपैट की पर्ची नहीं गिरने की लोग शिकायत कर रहे थे। इसलिए हमारी ओर से प्रशासन को अवगत कराया गया। करीब 1 घंटे मतदान प्रभावित हुआ। कांग्रेस नेता अजय अजय रघुवंशी ने कहा-हमने समय अतिरिक्त देने की मांग की। वहीं तहसीलदार रामलाल पगारे ने बताया मशीन में किसी प्रकार की खराबी नहीं थी। वीवीपैट से पर्ची देरी से गिर रही थी फिर भी लोग संतुष्ट नहीं हुए तो वीवीपैट बदल दिया गया। 338 वोटों का भी मिलान भी किया गया। करीब 10 मिनट मतदान प्रभावित हुआ।

---

### बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन संबंधी की कलेक्ट्रेट में हुई बैठक

## 'नदी नालों की साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान शुरू करें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



शहरी क्षेत्र में नदी नालों की सफाई के लिए 15 मई से विशेष अभियान प्रारंभ किया जाए ताकि अतिवर्षा की स्थिति में बाढ़ की संभावना न रहे। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन संबंधी बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिए। बैठक में हरदा, खिरकिया व टिमरनी के एसडीएम भी वर्चुअली शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि तीनों एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में नदी नालों की साफ-सफाई की मॉनिटरिंग करें। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा भी मौजूद थे। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु में पहुंचविहीन हो जाने वाले ग्रामों को अभी से चिन्हित कर लें और वहां अभी से खाद्यान्न, दवाईयां व अन्य अत्यावश्यक सामग्री का भंडारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, सड़क विकास निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों एवं पुल पुलियाओं की मरम्मत का कार्य अभी से करा लिया जाए ताकि अतिवृष्टि की स्थिति में किसी दुर्घटना की आशंका न रहे।

कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्र में स्थित जर्जर हो चुके पुराने भवनों को चिन्हित कर लें और उन्हें गिराने की कार्यवाही अभी से कर लें ताकि अतिवर्षा की स्थिति में भवन गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे बिजली के खंबे चिन्हित करें जो कमजोर स्थिति में है और बरसात में जिनकी गिरने की संभावना हो जाती है, ऐसे खम्बों को अभी से मजबूती से स्थापित किया जाए।

#### प्रशिक्षण दिलाया जाए

कलेक्टर सिंह ने बैठक में होमगार्ड के डिस्टिक कमाण्डेंट मयंक जैन को निर्देश दिए कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के कुछ युवा वालेंटियर्स तैयार किए जाएं और उन्हें बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण दिलाया जाए, ताकि प्राकृतिक आपदा की स्थिति में ये स्वयं सेवक जिला प्रशासन की टीम के साथ कार्य कर सके।

---

# लोकतंत्र के यज्ञ की आहुति बारिश पर भारी पड़ी

### आश्वासन के बाद बोकरानिया में ग्रामीणों ने लिया बहिष्कार वापस और किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या





अंततः लोकतंत्र के यज्ञ की आहुति बारिश पर भारी पड़ी और मतदाता इसकी परवाह किए बगैर अपने मताधिकार का उपयोग करते रहे। अचानक कई मतदान केंद्रों में बारिश का पानी अंदर घुस गया, फिर भी वोटिंग का कार्य इससे प्रभावित नहीं हो सका। प्रातःकाल 7 बजे मतदान शुरू होने के कुछ ही देर में अचानक मौसम ने करवट बदली और देखते-देखते तेज हवा आंधी और बारिश से क्षतिग्रस्त भवन की छत का पानी पिछले दरवाजे से केंद्र में घुस गया। मतदान अभिकर्ता नैनसिंह लालसिंह ने बताया कि शासकीय कर्मियों ने जैसे तैसे दस्तावेजों का बचाव किया। केंद्र में उनके पैरों तक पानी भर गया था, फिर भी 70, 80 मतदाताओं ने मतदान जारी रखा। बाद में मौसम साफ होने से मतदान का प्रतिशत प्रातः 11: 30 बजे तक 50% के आंकड़े को छू लिया। पहाड़ी क्षेत्र के नदी नालों में भी बाढ़ का पानी आ गया और चौपाली में मोबिलाइजर एक वृद्ध महिला को नदी पार करते हुए दिखाई दी। जबकि बोकरानिया के मतदाताओं ने अपनी समस्याओं को लेकर बहिष्कार किया। लेकिन लगभग 11:00 बजे जनपद पंचायत सीईओ महेंद्र कुमार श्रीवास्तव पहुंचे और उनके आश्वासन के बाद मतदान शुरू हुआ।

#### मुंबई से आकर दिया वोट

ग्राम नेमसेठी के मुंबई में अध्यनरत एमबीबीएस के छात्र मीत जायसवाल ने अपने गांव पहुंचकर मतदान किया। इसी तरह नव विवाहिता माधवी (शानू) पवार ने भी झिरन्या के बूथ क्रमांक 185 पर मतदान किया। ग्रामीण अंचलों से भी 70% के लगभग मतदान की खबरें हैं।

---

### सीबीएसई परीक्षा परिणाम

## दसवीं बोर्ड की परीक्षा में पार्थ राठौर ने 95% अंक प्राप्त किए



**खंडवा।** सोमवार को दसवीं बोर्ड की परीक्षा के परिणाम घोषित हुए। हितेंद्र राठौर ने बताया कि सोफिया कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने वाले मेरे पुत्र पार्थ राठौर ने 10वीं क्लास की बोर्ड की परीक्षा में 95% अंक प्राप्त कर सफलता पाई, उनकी मां सीमा राठौर अपने पुत्र पर गर्व करते हुए कहा पार्थ ने अच्छा परिणाम प्राप्त कर समाज में हमारा और अपना नाम रोशन किया, समाज के पदाधिकारी एवं सोफिया कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन ने पार्थ को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

---

### शाम 5 बजे तक 68.36 प्रतिशत मतदाता कर चुके थे अपने मताधिकार का प्रयोग

# सुबह से शाम तक लगातार बढ़ता रहा मतदान का प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

लोकसभा निर्वाचन के लिए सोमवार सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया। गर्मी के इस मौसम में मतदाताओं में सुबह के समय उत्साह देखा गया और सुबह 7 बजे से ही मतदान केन्द्रों पर कतारे लगना प्रारंभ हो गई। शाम 5 बजे तक 68.36 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। पहले दो घंटे में खंडवा संसदीय क्षेत्र की 8 विधानसभाओं में मतदान का प्रतिशत 14.73 रहा। जिसमें मांधाता का प्रतिशत 15.71, खंडवा का प्रतिशत 13.60, पंधाना का प्रतिशत 16.47, भीकनगांव का प्रतिशत 14.58, बड़वाह का प्रतिशत 16.34, बागली का प्रतिशत 16.84, बुरहानपुर का प्रतिशत 11.27 व नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 14.19 प्रतिशत मतदान हो चुका था।

प्रातः 11 बजे तक खण्डवा संसदीय क्षेत्र की 8 विधानसभाओं में मतदान का प्रतिशत 31.63 रहा, जिसमें मांधाता का प्रतिशत 31.8, खण्डवा का प्रतिशत 29.18, पंधाना का प्रतिशत 34.41, भीकनगांव का प्रतिशत 30.24, बड़वाह का प्रतिशत 34.3, बागली का प्रतिशत 34.55, बुरहानपुर का प्रतिशत 27.56 व नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 32.15 प्रतिशत मतदान हो चुका था। दोपहर 1 बजे तक खण्डवा संसदीय क्षेत्र की 8 विधानसभाओं में मतदान का प्रतिशत 48.51 रहा, जिसमें मांधाता का प्रतिशत 46.64, खण्डवा का प्रतिशत 43.82, पंधाना का प्रतिशत 51.82, भीकनगांव का प्रतिशत 49.45, बड़वाह का प्रतिशत 50.74, बागली का प्रतिशत 50.22, बुरहानपुर का प्रतिशत 44.95 व नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 51.2 प्रतिशत मतदान हो चुका था।

दोपहर 3 बजे तक खण्डवा संसदीय क्षेत्र की 8 विधानसभाओं में मतदान का प्रतिशत 59.88 रहा, जिसमें मांधाता का प्रतिशत 55.26, खण्डवा का प्रतिशत 53.56, पंधाना का प्रतिशत 62.84, भीकनगांव का प्रतिशत 62.64, बड़वाह का प्रतिशत 60.35, बागली का प्रतिशत 61.38, बुरहानपुर का प्रतिशत 58.49 व नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 64.29 प्रतिशत मतदान हो चुका था। सायं 5 बजे तक खण्डवा संसदीय क्षेत्र की 8 विधानसभाओं में मतदान का प्रतिशत 68.36 रहा, जिसमें मांधाता का प्रतिशत 63.58, खण्डवा का प्रतिशत 61.29, पंधाना का प्रतिशत 70.97, भीकनगांव का प्रतिशत 70.33, बड़वाह का प्रतिशत 68.76, बागली का प्रतिशत 70.36, बुरहानपुर का प्रतिशत 69.36 व नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 71.5 प्रतिशत मतदान हो चुका था।





### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान

***खंडवा।*** *लोकसभा निर्वाचन के लिए सोमवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने आदिम जाति कल्याण विकास विभाग कार्यालय स्थित मतदान केन्द्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग कार्यालय में बनाए गए मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान किया।*